भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1341**

उत्तर देने की तारीख-28/07/2025

**अटल आदर्श विद्यालय**

1341. **श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावतः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू होने के बाद कुछ क्षेत्रों में अटल आदर्श विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या में कमी आई है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार का दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तहसील स्तर पर बस-पास, छात्रावास सुविधा या अन्य सहायता हेतु कोई योजना शुरू करने का विचार है; और

(ग) क्या सरकार का राज्य सरकारों के साथ समन्वय करके ऐसी कोई योजना लागू करने का विचार है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ग): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। अटल आदर्श विद्यालय (एएवी) एनडीएमसी द्वारा संचालित किए जाते हैं और शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं, जिनमें छात्रों के लिए कई व्यापक कल्याणकारी उपाय किए जाते हैं। इनमें एनडीएमसी स्कूलों में नामांकित सभी छात्रों के लिए निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क यूनिफॉर्म, पाठ्यपुस्तकें और मध्याह्न भोजन की सुविधा शामिल है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की समग्र शिक्षा और प्रधानमंत्री पोषण जैसी योजनाओं को एनडीएमसी स्कूलों में दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के साथ समन्वय से लागू किया जा रहा है। एनडीएमसी एक स्थानीय शहरी निकाय होने के कारण शैक्षिक योजनाओं को सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों और नीतियों के अनुसार कार्यान्वित करती है।

*****